नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


# दो फेज में होगी जनगणना

## पहला अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच, दूसरा फेज फरवरी 2027 में होगा

**नई दिल्ली, 03 दिसंबर. संसद के शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन महत्वपूर्ण घटनाओं से भरा रहा. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के एक सवाल का जवाब गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दिया. उन्होंने लोकसभा में बताया कि जनगणना को दो फेज में कराने का निर्णय लिया गया है. पहला फेज अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच चलेगा. वहीं दूसरा फेज फरवरी 2027 में होगा. पहले फेज में हाउज लिस्टिंग और हाउस सेंसस किया जाएगा, वहीं दूसरे फेज में पॉपुलेशन एन्यूमरेशन होगा.**

नित्यानंद राय ने कहा, जनसंख्या की गिनती फरवरी 2027 में होगी. इसकी रेफरेंस तारीख 1 मार्च 2027 है. जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से ढके नॉन-सिंक्रोनस इलाकों व लद्दाख में जनगणना सितंबर 2026 में होगी, जिसकी रेफरेंस तारीख 1 अक्टूबर 2026 रखी गई है. उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना में जाति की गणना भी की जाएगी और जनगणना का पूरा प्रोसेस डिजिटल रहेगा. मोबाइल एप के जरिए डेटा एकट्ठा किया जाएगा और खुद से गिनती के लिए ऑनलाइन इंतजाम रहेगा. हर काम से पहले अलग-अलग मंत्रालयों, विभागों, संगठनों और जनगणना डेटा यूजर्स से मिले इनपुट और सुझावों के आधार पर जनगणना के सवालों की लिस्ट को फाइनल किया जाता है.

### संसद में पीएम , अमित शाह, जेपी नड्डा और बीएल संतोष की हुई बैठक

**नई दिल्ली, 03 दिसंबर .** संसद भवन में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और बीजेपी के संगठन महामंत्री बीएल संतोष के बीच बुधवार को एक अहम बैठक हुई, जो करीब एक घंटा चली. इस बैठक में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव को लेकर चर्चा हुई. एक अनुमान के अनुसार बीजेपी को जल्द नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने वाला है. साथ ही यूपी में भी पार्टी की कमान नए अध्यक्ष को सौंपी जाएगी. इससे पहले सोमवार को लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ के आवास पर बीजेपी और आरएसएस के बीच समन्वय बैठक हुई. तीन घंटे चली इस मीटिंग में बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर मंथन किया गया. माना जा रहा है कि पार्टी इस हफ्ते नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर सकती है.

### अब फोन में प्री-इंस्टॉल नहीं होगा संचार साथी ऐप

केंद्र सरकार ने भारी विरोध और गोपनीयता संबंधी चिंताओं के बाद बुधवार को मोबाइल निर्माता कंपनियों के लिए संचार साथी ऐप की प्री-इंस्टॉलेशन अनिवार्यता को खत्म कर दिया है. सरकार ने कहा कि ऐप साइबर सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है और नागरिकों की सुरक्षा करता है. यूजर्स इसे कभी-भी अनइंस्टॉल कर सकते हैं. इससे पहले लोकसभा में चर्चा के दौरान केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संसद को सूचित किया कि सरकार जनता के सुझावों और फीडबैक के आधार पर प्लेटफॉर्म के नियमों में संशोधन (बदलाव) करने को तैयार है.

# आंगनवाड़ियों में मिलेगा गर्म भोजन

### सेंट्रल किचन की व्यवस्था होगी लागू

### 03 वर्ष में बनेंगे आंगनवाड़ियों के 9 हजार नए भवन



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 3 दिसंबर. प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के आंगनवाड़ियों में नये वर्ष से गर्म भोजन ही मिलेगा. इसके लिये सेंट्रल किचन की व्यवस्था शहरी क्षेत्रों में नये वर्ष से लागू हो जाएगी.**

यह जानकारी बुधवार को मंत्रालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दी गई. बैठक में विभाग के अगले तीन वर्ष के रोडमैप और पिछले दो वर्ष की उपलब्धियों और नवाचारों को लेकर प्रजेंटेशन भी दिया गया, जिसमें बताया गया कि विजन 2047 अनुरूप शाला पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता वृद्धि के लिए वर्क बुक और विकास कार्ड की व्यवस्था की जाएगी. आंगनवाड़ी भवन निर्माण के मेगा प्लान के तहत अगले तीन वर्षों में 9,000 नए भवन बनाए जाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी वर्षों की कार्य योजना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विभाग यह सुनिश्चित करे कि किसी भी चरण पर लाड़ली लक्ष्मी बेटियों का ड्रॉप आउट न हो. ड्रॉपआउट होने वाली बालिकाओं पर सख्त निगरानी रखी जाए और तुरंत कारणों का निराकरण कर उन्हें योजना में पुन: जोड़ा जाए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं और बच्चों से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी.

**ये होंगे काम**

- पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता वृद्धि के लिए वर्क बुक और विकास कार्ड की व्यवस्था की जाएगी.
- मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत 34 लाख से अधिक बालिकाओं को छात्रवृत्ति/प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा.
- हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वुमन योजना के तहत जेंडर, सुरक्षा व कानूनी सहायता के संबंध में बड़े पैमाने जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जाएगा.

# विराट-ऋतुराज का शतक

- कोहली ने जमाया 83वां अंतर्राष्ट्रीय शतक
- साउथ अफ्रीका को 359 रन का दिया टारगेट




**रायपुर, 03 दिसंबर . साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के दूसरे मैच में विराट कोहली और ऋतुराज गायकवाड ने शतक लगाए. इन दोनों खिलाड़ियों के शतक की बदौलत भारत ने साउथ अफ्रीका को 359 रन का टारगेट दिया.**

कोहनी के बल्ले ने मेहमान गेंदबाजों की जमकर धुनाई की. उन्होंने 93 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्कों की मदद से 102 रन बनाए. कोहली की इस पारी पर आईसीसी और बीसीसीआई ने भी इस बल्लेबाज को सलाम किया. यह उनका वनडे में 53वां और कुल 83वां अंतर्राष्ट्रीय शतक है. इसमें एक टी20 शतक भी शामिल है.इसके अलावा ऋतुराज गायकवाड़ ने भी शानदार शतक लगाया.

# छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर

- नक्सल विरोधी अभियान के दौरान मुठभेड़
- डीआरजी के तीन जवान शहीद और दो घायल



**बीजापुर, 03 दिसंबर (वार्ता) बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा के पश्चिम बस्तर संभाग इलाके में बुधवार सुबह से चल रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान नक्सली और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के तीन जवान शहीद हो गए तथा दो जवान घायल हो गए.**

घायल जवानों में से एक जवान का जिला अस्पताल बीजापुर में इलाज जारी है, इस जवान को जंगल से वायुसेना के हेलीकॉप्टर से लाया गया है, दूसरे घायल जवान को अस्पताल लाने की कोशिश जारी है.

पुलिस के ही मुताबिक, इलाके में सुरक्षा बलों की निर्णायक और आक्रामक कार्रवाई जारी है. मुठभेड़ स्थल से एलएमजी, एसएलआर इंसास एवं 303 राइफलों सहित बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी जब्त हुआ है. पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि मृत कैडरों की पहचान की प्रक्रिया जारी है. घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार-बारूद बरामद होने से अंदेशा है कि माओवादी दस्ते की बड़ी मौजूदगी थी.

# रुपया 90 .30 प्रति डॉलर के नये निचले स्तर पर

**मुंबई, 03 दिसंबर (वार्ता)** रुपये में बुधवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट रही और यह 90.30 रुपये प्रति डॉलर के नये निचले स्तर तक गिर गया. भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 43.50 पैसे गिरकर 89.9650 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी. रुपया आज 89.96 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर खुला और 89.93 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ. दोपहर के समय यह 90.30 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया था. शाम 4.30 बजे भारतीय मुद्रा 22.75 पैसे नीचे 90.1925 प्रति डॉलर पर थी.

# आज भारत पहुंचेंगे पुतिन

- भारत पहुंचते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करेंगे मुलाकात
- रूस-भारत की बड़ी डिफेंस डील पर दुनिया की नजर



**नई दिल्ली, 04 दिसंबर. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार 4 दिसंबर को भारत पहुंचने वाले हैं, और उनके इस उच्च-स्तरीय दौरे को लेकर दिल्ली में सुरक्षा बेहद कड़ी कर दी गई है। पुतिन के साथ सात मंत्री भी भारत दौरे पर आ रहे हैं.**

भारत-रूस के बीच होने वाली संभावित डिफेंस और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर डील के कारण यह यात्रा वैश्विक स्तर पर खास चर्चा में है। सूत्रों के अनुसार, पुतिन भारत पहुंचते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे, जबकि अगले दिन उनकी दिल्ली में कई महत्वपूर्ण गतिविधियां प्रस्तावित हैं-जिसमें राजघाट पर श्रद्धांजलि, हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक और राष्ट्रपति भवन में राजकीय भोज शामिल हैं। इस दौरे को भारत-रूस रणनीतिक संबंधों को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है।





